आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 21.10.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर आज गृह मंत्री अमित शाह राष्ट्रीय पुलिस स्मारक में शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि देंगे।
2. अफ्रीकन स्वाइन फीवर के संबंध में विभिन्न विभागों की ओर से संयुक्त रूप से कार्रवाई की जा रही है।
3. केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान केन्द्र की ओर से सुधार उत्सव के तहत पशुचिकित्सा हर्बल मलम उत्पाद लॉन्च किया गया।
4. सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय की ओर से द्वीप नारियल महोत्सव के तीसरे संस्करण का आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><><>

आज पुलिस स्मृति दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर गृह मंत्री अमित शाह नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक में शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि देंगे। पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्टूबर, 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में चीनी सैनिकों के हमले में शहीद हुए दस पुलिसकर्मियों के बलिदान की याद में मनाया जाता है। इस कार्यक्रम का आकाशवाणी और दूरदर्शन पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। साथ ही, पुलिस की वेबसाइटों पर इसका वेबकास्ट भी होगा। इस अवसर पर कल से 30 अक्टूबर तक कई स्मृति कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशुचिकित्सा सेवा विभाग की ओर से अफ्रीकन स्वाइन फीवर के संबंध में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे दैनिक कार्यों की रिपोर्ट जारी की गई है। इसके अनुसार निकोबार जिले में अब तक 23 सुअरों की मृत्यु, जबकि 252 संक्रमित पाए गए हैं। इसकी रोकथाम के लिए विभिन्न विभागों की ओर से संयुक्त रूप से कार्रवाई की जा रही है। अरोंग गांव में केन्द्रीय टीम ने ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित कर निर्धारित स्थलों का निरीक्षण किया, जिसमें विभागीय अधिकारी और अरोंग के कप्तान शामिल हुए। प्रशासन की ओर से अधिसूचित दफन स्थल को बैरिकेडिंग टेप लगाया गया, हैलीपैड पर फुटवेयर कीटाणुनाशक मैट लगाने, चेतावनी पोस्टर प्रदर्शित किया गया है। इसके अलावा शवों के निस्तारण के लिए लकड़ियों की व्यवस्था और गडढे की खुदाई का काम पूरा कर लिया गया है। मध्योत्तर अंडमान जिले में अब तक अफ्रीकन स्वाइन फीवर का कोई नया मामला सामने नहीं आया है। प्रशासन ने ऐरियल बे जेट्टी और हेलीपैड पर कीटाणुशोधन किया। साथ ही टुगापुर मे आठ किलोग्राम जमे हुए पोर्क को ज़ब्त कर दफनाया गया। इसके अलावा सीरम के नमूने और रक्त के नमूने एकत्र किए गए। दक्षिण अंडमान जिले में भी विभिन्न विभागों की ओर से

संयुक्त रूप से कार्रवाई की जा रही है। हवाई अड्डे पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। सुअरों को ले जाने वाले वाहनों को सैनिटाइज किया जा रहा है। ब्रुक्शाबाद डंप यार्ड की सफाई की गई है। अब तक दक्षिण अंडमान में संयुक्त टीम द्वारा कुल 37 सुअरों का निस्तारण किया गया है।

<><><><><><><><>

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर विनियमित और खतरनाक विस्फोटक पदार्थों की अनधिकृत सूचीबद्धता, विज्ञापन और बिक्री को बढ़ावा देने के मामलों में नियामक कार्रवाई शुरू की है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि इस कार्रवाई का उद्देश्य उपभोक्ताओं की सुरक्षा, जन सुरक्षा और ई–कॉमर्स के जिम्मेदार तौर–तरीकों को मजबूत करना है। मंत्रालय ने कहा कि इन पदार्थों की वैध खरीद–बिक्री के लिए निर्धारित लाइसेंस आवश्यक है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों को यह सुनिश्चित करना होगा कि विक्रेताओं के पास पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन का वैध लाइसेंस हो। खरीद से पहले खरीदार की पहचान और उसके लाइसेंस की वैधता की भी पुष्टि की जानी चाहिए। प्राधिकरण ने इंडिया मार्ट, ट्रेड इंडिया, डायल फोर ट्रेड, जस्टडायल, सिग्मा–अल्ड्रिच इंडिया, एक्सपोर्टर्स इंडिया और आईबायकेमिकल्स सहित विभिन्न ऑनलाइन मंचों पर इन पदार्थों की सूचीबद्धता और बिक्री के संबंध में कार्रवाई शुरू की है। इन मंचों से तीन हजार नौ सौ से अधिक विक्रेताओं को हटा दिया गया है।

<><><><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान केन्द्र ने कृषि विज्ञान केन्द्र, कार निकोबार के सहयोग से सुधार उत्सव के तहत पशुचिकित्सा हर्बल मलम उत्पाद लॉन्च किया। इस अवसर पर मुख्य कप्तान लियोनार्ड निकोमेड, जनजातीय परिषद सचिव मार्टिन लूथर, सहित अन्य क्षेत्रों के कप्तान उपस्थित थे। क्यारी की प्रधान वैज्ञानिक डॉ. टी. सुजाता ने DST द्वारा प्रायोजित परियोजना 'निकोबारी जनजातियों के एथ्नो–वेटनरी जनजातीय औषधीय ज्ञान के वैज्ञानिक सत्यापन और हर्बल उत्पाद विकास के माध्यम से उनकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति और स्वरोजगार को बढ़ावा देना' के तहत इस उत्पाद के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए पशुधनों के स्वास्थ्य की उचित देखभाल करना आवश्यक है।

<><><><><><><><>

सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय संबद्ध विभागों के सहयोग से द्वीप नारियल महोत्सव के तीसरे संस्करण का आयोजन करेगा। "द्वीप समूह के नारियल – संस्कृति – व्यंजन –शिल्प का उत्सव" विषय पर आयोजित यह मेला 24 और 25 अक्टूबर को प्रदर्शनी मैदान में शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक चलेगा। शिक्षा विभाग की ओर से 24 अक्टूबर को नारियल थीम पर आधारित बच्चों के लिए चित्रकला और 25 अक्टूबर को हस्तशिल्प निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। 24 अक्टूबर को पुरुषों और महिलाओं के लिए नारियल छीलने की प्रतियोगिता और व्यंजन प्रतियोगिता भी

आयोजित की जाएगी। स्टॉल आवंटन के लिए होटल व्यवसायियों, रेस्तरां मालिकों, फूड स्टॉल ऑपरेटरों, कारीगरों, स्वयं सहायता समूहों, गैर–सरकारी संगठनों और सांस्कृतिक संघों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन पत्र कल तक सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय से प्राप्त किए जा सकते हैं।

<><><><><><><><>

गुरु की रसोई, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बम्बूफ्लाट में कल सुबह 10 बजे से बहुविशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करेगा। इस शिविर के दौरान, स्त्री रोग, त्वचा रोग और ईएनटी पर जरूरतमंद मरीजों को अपनी निःशुल्क सेवाएं प्रदान की जाएंगी। आम जनता पंजीकरण, परामर्श और प्री–स्क्रीनिंग के लिए आज सुबह 9 बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><><>

नगरपालिकाओं और पंचायतों के आगामी आम चुनावों को ध्यान में रखते हुए, सभी पंजीकृत राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से अपने पार्टी कार्यालयों का विवरण जिला निर्वाचन सेल में जमा करने का अनुरोध किया गया है। यह जानकारी जिला प्रशासन और राजनीतिक दलों के बीच सुगम संचार और समन्वय को सुविधाजनक बनाने तथा चुनाव संबंधी पत्राचार के रिकॉर्ड को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। सभी संबंधित राजनीतिक दलों से विवरण स्वयं या ईमेल आईडी tehsildarelectionpme@gmail.com के माध्यम से 25 अक्टूबर तक जिला निर्वाचन सेल में जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><><>

विकसित भारत यंग लीडर्स संवाद–2027 के तहत निबंध जमा करने की कल अंतिम तिथि है। विकसित भारत यंग लीडर्स संवाद–2027 के प्रश्नोत्तरी चरणों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में से कुल 1,320 प्रतिभागियों का निबंध के लिए चयन किया गया है। द्वीपसमूह के प्रतिभागियों को विकसित भारत चैलेंज ट्रैक के तहत 'नीली अर्थव्यवस्था, मानव पूंजी और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता' पर 500 शब्दों का निबंध जमा करना होगा। सभी पात्र प्रतिभागी माय भारत पोर्टल के माध्यम से अपने निबंध जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><><>

संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि अंडमान सबडक्शन ज्वालामुखियों और बाराटांग के कार्स्ट–मड–वोल्केनो कॉम्प्लेक्स को यूनेस्को की संभावित सूची में शामिल किया जाना अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह की अनूठी भूवैज्ञानिक विशेषताओं को दर्शाता है। श्री शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की समृद्ध प्राकृतिक विरासत को विश्व स्तर पर लगातार अधिक पहचान मिल रही है।